# शादी करा दे मेरी राधा के साथ | By Mukesh Bagda

सेवा करेगी तेरी दिन और रात
शादी करा दे मेरी राधा के साथ....2
बिनती करूँ माँ तेरे जोड़ूँ मैं हाथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ.....२

खटने की तेरी माँ अब ना उमरिया
घर को संभालेगी अब वो गुजरिया
गऊऐ संभालेगी माखन निकालेगी
घर में बंटाएगी तेरा माँ हाथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ.....२

बाबा का हुक्का भरेगी वो आके
जल्दी से मैया तू नेग पटा दे
जंगल ना जाऊँगा माखन ना खाऊंगा
अपने लल्ला को देदे प्यारी सौगात
शादी करा दे मेरी राधा के साथ.....२

छोटे कन्हैया की सुनकर के बातें
खुशियों से छलकी रे मैया की आँखें
बोली माँ लाला वो गोरी तू काला
आगे क्या उसके है तेरी बिसात
कैसे जमेगी जोड़ी राधा के साथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ.....२

माना मैं मैया हूँ थोड़ा सा काला
मेरा बिरज में है रूतबा निराला
हर्ष वो दीवानी है प्रीत माँ पुरानी है
मेरा और राधा का जन्मो का साथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ.....२

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be/